हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 मई 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 हाटपीपल्या, सोनकच्छ, देवास और बागली ...




05 शिव महापुराण कथा मनोरंजन के लिए नहीं मनोमंथन...



### जिला मुख्यालय से मतदान सामग्री आज होगी वितरित, चुनावी तैयारियां हुईं पूर्ण

# सुसनेर के 2 लाख 37 हजार 260 मतदाता अपने मताधिकार का कल करेंगे प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा/नलखेड़ा



आगर-मालवा जिले की विधानसभा सुसनेर लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ में तीसरे चरण में 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे। विधानसभा क्षेत्र के 2 लाख 37 हजार 260 मतदाता अपना वोट देकर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करेंगे। सुसनेर विधानसभा के 307 मतदान केन्द्रों पर रिजर्व सहित 338 पोलिंग पार्टियों में 1352 मतदानकर्मी की ड्यूटी लगाई है। मतदानकर्मी में आगर-मालवा जिले के 1136, उज्जैन जिले के 134 एवं रतलाम जिले के 82 शासकीय सेवक शामिल है। मतदानकर्मियों को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए 70 बसे एवं 55 अन्य छोटे वाहनां का अधिग्रहण किया गया है।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतदान सम्पन्न करवाने हेतु मतदान दलों को 6 मई को सुबह 6 बजे से पोलिटेक्निक कॉलेज आगर से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। मतदानकर्मी ईवीएम, वीवीपीएटी एवं अन्य मतदान सामग्री प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर चुनावी वाहनों से रवाना होंगे तथा अपने मतदान केन्द्रो पर पहुंचकर जिला स्तर पर सूचना देंगे। विधानसभा सुसनेर में 237260 मतदाता हैं, जिसमें पुरूष मतदाता 1 लाख 22 हजार 88, महिला मतदाता 1 लाख 15 हजार 167 तथा 5 अन्य मतदाता शामिल हैं। सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में 20 मतदान केन्द्र केवल महिला मतदानकर्मी तथा एक मतदान केन्द्र पीडब्ल्यूडी मतदानकर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा। साथ ही 50 मतदान केन्द्र क्रिटीकल मतदान केन्द्र के रूप में चिन्हित है, जिन पर एक-एक माईक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है।

### कलेक्टर ने की अपील- हर एक मतदाता वोट जरूर दे

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से आग्रह किया है कि 7 मई को हर एक मतदाता अपना वोट देने अपने मतदान केन्द्रों पर जरूर जाएं, गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्र पर छाया, पानी, दवाइयां सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई है। साथ ही पहले 100 मतदाताओं में से लक्की ड्रॉ के माध्यम से चयनित तीन मतदाताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दिन मतदाता अपने सारे काम छोड़कर पहले अपने वोट दें और शत-प्रतिशत मतदान कर आगर-मालवा जिले का गौरव बढ़ाएं।

### वोटर पर्ची नहीं तो जाएं बीएलओ के पास

यदि किसी मतदाता को वोटर पर्ची नहीं मिली है, तो वह अपना वोटर आईडी कार्ड लेकर अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जाएं। वहां बने मतदाता सहायता केंद्र में वोटर आईडी दिखाएं। यहां बीएलओ आपकी मतदाता सूचना पर्ची दे देंगे।

### 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकेंगे। फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना मतदान कर सकते हैं।

### पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

जिले की विधानसभा क्षेत्र सुसनेर (संसदीय क्षेत्र राजगढ़) में तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होंगे। मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। तीसरे चरण के लिए 6 मई एवं मतदान तिथि 7 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा।

### मतदान दिवस पर श्रमिकों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में 7 मई को मतदान सम्पन्न होंगे। मतदान क दिन विधानसभा क्षेत्र के सभी कारोबार, व्यावसाय, औद्योगिक उपक्रम या अन्य स्थापना में कार्यरत श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।

## दल ने नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

बाल विवाह रोकथाम दल ने शनिवार को आगर वार्ड नम्बर-1 में एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह रुकवाया। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु दलों का गठन किया गया। गठित दल बाल विवाह की रोकथाम हेतु निरन्तर प्रयासरत है तथा सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रूकवाने की कार्यवाही कर रहे हैं।

परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 1 में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर दल में शामिल पर्यवेक्षक सरिता नवरंग, पर्यवेक्षक संगीता तोमर, सहायक उप निरीक्षक अजय सूर्यवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता जीमल अहमद काजी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरताज बी ने मौके पर पहुंचकर बालिका के उम्र संबंधी जानकारी लेने पर बालिका की उम्र 17 वर्ष 7 माह होने से बाल विवाह की श्रेणी में आने पर दल द्वारा परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी देकर बाल विवाह रूकवाया गया। इस दौरान परिजनों से बाल विवाह नहीं करने की लिखित में सहमति भी प्राप्त की गई।

## विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से शुष्क दिवस रहेगा

**नलखेड़ा।** लोकसभा चुनाव अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में 07 मई को मतदान सम्पन्न होंगे। इसके लिए मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से विधानसभा क्षेत्र सुसनेर एवं इससे संलग्न 3 किलोमीटर के दायरे में शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राघवेन्द्र सिंह द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व यानि 5 मई की शाम 6 बजे से विधानसभा क्षेत्र सुसनेर एवं इससे संलग्न 3 किलोमीटर तक की दूरी में स्थित समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानें, मद्य भाण्डागार से मदिर का क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।

## विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में कल सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सुसनेर (संसदीय क्षेत्र राजगढ़) में 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे। विधानसभा क्षेत्र सुसनेर का प्रत्येक मतदाता अपना वोट डालने अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचें इसके लिए ह्यह्य हर एक मतदाता का वोट है जरूरी....को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का बीएलओ द्वारा घर-घर वितरण कर तथा पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसी के साथ मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, दीवार लेखन आदि गतिविधियां संचालित कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शनिवार को ग्राम देहरिया सुसनेर, मंगीशपुर, सालियाखेड़ी, डोंगरगांव, दावतपुरा, लोलकी, लालूखेड़ी, लसुल्डिया केलवा, गुर्जरखेड़ी, आनंदीखेड़ी, भिड़ोन आदि गांवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान किया।

## युवक का अपहरण कर बदमाशों ने की मारपीट, अधमरा कर फेंका

### उज्जैन ले जाते समय रास्ते में युवक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा



जिला मुख्यालय पर शनिवार और रविवार की दरमियान रात कुछ बदमाशों ने एक सनसनी खेज हत्या की घटना को अंजाम दे दिया। जानकारी के अनुसार शहर के अर्जुननगर कॉलोनी के मैदान से 10 बजे 2 कार से आए कुछ बदमाशों ने दोस्तों के साथ बैठे कृष्णपाल सिंह उर्फ केपी बना पिता गंगाराम (25) निवासी अमरपुरा जिला उज्जैन हाल मुकाम आगर को जबरदस्ती अपनी कार में बैठाकर ले गए। आरोपियों ने करीब 3 घंटे तक उसके साथ मारपीट की, उसके बाद उसे मालाखेड़ी रोड स्थित नाग मंदिर के पास अधमरा फेक गए। घायल युवक को उसके दोस्त निजी अस्पताल ले गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन रेफर कर दिया। उज्जैन ले जाते समय रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया।

थाना कोतवाली पर मामले को पंजीकृत कर एक आरोपी धारा सिंह खेड़ी गुराडिया को राउंड अप किया है। वहीं अन्य 4 लोगों के खिलाफ हत्या करने के मामले में नाम दर्ज किया है। मृतक युवक का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजन को सौंपा।

## माइक्रो आब्जर्वर को दिया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 सुचारू एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर को शनिवार को जिला पंचायत आगर के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। जिले के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रो. सुशील कटारिया एवं रजनीश स्वर्णकार द्वारा माइक्रो आब्जर्वर को उनके दायित्वों से अवगत करवाते हुए मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर माकपोल, वास्तविक मतदान सहित अन्य सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए प्रशिक्षित करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस प्रशिक्षण में विधान सभा क्रमांक-166 आगर(अजा), लोक सभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-21 देवास (अजा.) के लिए 66 नामांकित माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित हुए, जिन्हें नोडल अधिकारी प्रशिक्षण जितेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में नोडल अधिकारी (माइक्रो आब्जर्वर) पवन स्वर्णकार द्वारा प्रशिक्षण अनुसार सौंपे गए दायित्वों के निर्वाहन हेतु अवगत कराते हुए, निर्वाचन की शपथ उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई जाकर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## तीसरे चरण के मतदान के लिए रविवार शाम से चुनाव प्रचार थमा, अब घर-घर जाकर किया जा सकेगा संपर्क

**आगर-मालवा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजगढ़ के लिए जिले की विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उक्त संसदीय क्षेत्र में 5 मई की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार थम गया। अब घर-घर संपर्क किया जा सकेगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा।

## ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओं को प्रदान किए प्रमाण पत्र



**नलखेड़ा।** सीएम राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलखेड़ा में व्यवसायिक शिक्षा अन्तर्गत संचालित कोर्स ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओं को स्किल इंडिया कौशल भारत-कुशल भारत प्रमाण पत्र विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी,परीक्षा प्रभारी मुकेश चौरसिया,ब्यूटी एंड वेलनेस प्रशिक्षक सोनम शेजवार एवं शिक्षक मंगलेश भाटी ने प्रदान किये। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्यूटी एंड वेलनेस विषय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा है।ब्यूटी वेलनेस की कक्षा 10वीं की छात्रा अरुणा गोस्वामी 81 प्रतिशत अंक एवं 12वीं की छात्रा खुशनुमा मंसूरी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## वल्लभाचार्य जयंती पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई



**आगर मालवा।** अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्ग वैष्णव परिषद ,युवा परिषद व महिला परिषद के तत्वावधान में वल्लभाचार्य की 547 वी जयंती पर नाना बाजार कुमारो के मठ से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो गोपाल मंदिर, सरकार बाड़ा, हाटपूरा, झंडा चौक होते हुए माहेश्वरी भवन पहुंची यात्रा का जगह-जगह नागरिकों ने स्वागत किया शोभा यात्रा में शामिल पुरुष सफेद वस्त्र के साथ केसरिया दुपट्टा गले में डाले हुए थे महिलाएं सीर पर कलश धारण किए हुए मांगलिक वेशभूषा में शामिल हुई। यात्रा में महाप्रभु जी की आकर्षक झांकी फूलों से सजाई गई थी नवयुवक वल्लभाचार्य जी के जयकारे लगाते हुए भजन कीर्तन गाते हुए चल रहे थे। सुबह 5:30 पर वैष्णव जनों ने प्रभात फेरी नगर में निकाली ।पश्चात माहेश्वरी भवन मैं कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ परिषद के अध्यक्ष रामचन्द्र सोनी रमेश अटल प्रदीप मेठी ने महाप्रभु की छवि पर तिलक कर ऊपरना ओढ़ाया इसके बाद आरती की गई परिषद के हरिवल्लभ मूंदड़ा ने बधाई गान गाया। इसके बाद महिलाओं ने गरबा किया। प्रोफेसर अर्पिता सोनी प्रवीण मूंदड़ा ने वल्लभाचार्य के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पश्चात सभी वैष्णवजन को महाप्रसादी ग्रहण कराई गई आभार युवा परिषद के अध्यक्ष पंकज अटल सरयू ने माना जानकारी परिषद के सचिव प्रमोद जोशी ने दी।

### कलेक्टर ने सेक्टर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# सभी बूथों पर विद्युत व अन्य व्यवस्था बनी रहना चाहिए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में 7 मई को मतदान होना है। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर विद्युत व्यवस्था निर्बाध रखी जाए। यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सेक्टर व नोडल अधिकारियों की आयोजित बैठक में एमपीईबी के अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्र एवं केन्द्रों के शौचालय में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें, जहां कहीं कमी हो वह एलईडी बल्व लगाकर व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारीवार बैठक में मतदान केन्द्रों पर की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियों एवं मतदाताओं के लिये सभी आवश्यक व्यवस्था रखी जाएं, सभी सेक्टर अधिकारी मतदान दिवस एवं इसके पूर्व एवं पश्चात के दायित्वों से भलीभांति अवगत होकर उनका अच्छे से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियों को जीपीएस लगे वाहनों से मतदान केन्द्रों पर पहुंचाया जाए।

### हर घंटे का मतदान प्रतिशत लेते रहें

मतदान सामग्री प्राप्त करने बाद मतदानकर्मी को अपने मतदान केन्द्रों पर सुरक्षित पहुंचाकर सेक्टर अधिकारी इसकी जानकारी भी दें तथा मतदान सम्पन्न करवाने के बाद सभी दल केन्द्रों से रवाना हो जाए, इसके पश्चात रवाना हों। सेक्टर अधिकारी अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर रूकें तथा ईव्हीएम को पूरी सुरक्षा में रखें। मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों से हर घण्टे का मतदान प्रतिशत लेते रहे। 1000 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पोलिंग पार्टी लगाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मतदान दिवस तक सभी सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का सतत भ्रमण करें, कानून व्यवस्थाओं पर पैनी नजर रखें, कोई विवाद या समस्या हो तो तत्काल अवगत करवाये। सेक्टर अधिकारी अपना मोबाइल फूल चार्ज रखें तथा पावर बैंक साथ रखे। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बीएजी गुरप को एक्टिव कर मतदाताओं को जागरूक करें, मतदान तिथि का व्यापक प्रचार-प्रचार करें।

### तीन मतदाताओं का चयन पुरस्कृत करने हेतु करें

पिछले विधानसभा चुनाव में जिन मतदान केन्द्रों का मतदान प्रतिशत कम रहा है, वह विशेष गतिविधियों कर मतदाताओं को जागरूक करें। पहले 100 मतदाताओं में से लक्की ड्रॉ के माध्यम से तीन मतदाताओं का चयन कर पुरस्कृत करने एवं मतदान तिथि की गांवों में डोन्डी पिटवाकर जानकारी दी जाए। बैठक में बताया कि विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में 20 मतदान केन्द्रों पर सभी महिला मतदानकर्मी होंगी तथा एक मतदान केन्द्र पीडब्ल्यूडी मतदान केन्द्र होगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनीषा कौल, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके सहित सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## प्रेस क्लब ने उत्साह से मनाई सेन जयंती



**देवास।** सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724वीं जयंती प्रेस क्लब द्वारा सिविल लाईन स्थित सेन जी महाराज प्रतिमा के समक्ष मनाई गई। सर्वप्रथम प्रेस क्लब के सदस्यों सेन जी महाराज की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात मिठाई बांटी। इस अवसर प्रेस क्लब अध्यक्ष अतुल बागलीकर, मुन्ना वारसी, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ मोदी, धमेन्द्र पिपलोदिया, अरविंद चौकसे, अरूण परमार, प्रिसं बैरागी, पं. रोहित उपाध्याय, जितेन्द्र मारू आदि पत्रकार उपस्थित थे।

## सेन महाराज की पूजा व महाआरती कर मनाई सेन जयंती

**देवास।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724वीं जयंती सेन युवा संगठन के तत्वाधान में धूमधाम से मनाई गई। संगठन जिलाध्यक्ष जीतु चौहान ने बताया कि सर्वप्रथम बस स्टेण्ड स्थित सेन धर्मशाला में सेनेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। तत्पश्चात धर्मशाला से प्रभात फेरी समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं के द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई। प्रभात फेरी सिविल लाईन स्थित सेन जी महाराज की प्रतिमा पर पहुंची। जहां समाजजनों ने सेन जी महाराज की पूजा-अर्चना, माल्यार्पण कर महाआरती की। जिसके पश्चात लड्डूओं की प्रसादी का वितरण समाजजनों व भक्तों को किया गया। इस अवसर पर स्वामी योगेन्द्र भारती, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, अशोक चौहान, राष्ट्रीय कवि जगदीश सेन, नगर अध्यक्ष महेश बोडाने, जिला महामंत्री पंकज वर्मा, कचरूलाल वर्मा, बंशीलाल रेनिवाल, पुरूषोत्तम चौहान, धर्मेन्द्र रेनिवाल, अशोक वर्मा, सेवा युवा संगठन नगर अध्यक्ष राकेश वर्मा, जगदीश गोयल, संतोष वर्मा, लाखन वर्मा, प्रेम पवार, हरीश श्रीवास, गोपाल वर्मा, निलेश सेन, निलेश श्रीवास, गोवर्धनलाल वर्मा, शंकर सेन, धीरज सेन सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### कलेक्टर गुप्ता ने की बागली विधानसभा में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

# हाटपीपल्या, सोनकच्छ, देवास और बागली में 6 और 8 मई को होगी होम वोटिंग

### कलेक्टर गुप्ता ने दिए निर्देश, बूथ अवेयरनेस ग्रुप डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले में ''चले बूथ की ओर'' अभियान चलाया जा रहा है। ''चले बूथ की ओर'' अभियान के सफल आयोजन के लिए बागली में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। खण्डवा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बागली विधानसभा में 13 मई को मतदान होगा। कलेक्टर गुप्ता ने बागली में निर्वाचन संबंधी अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बताया गया की हाटपीपल्या, सोनकच्छ, देवास और बागली विधानसभा क्षेत्र में 06 और 08 मई को होम वोटिंग का कार्य किया जाएगा।

प्रशिक्षण में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप डोर टू डोर जाकर मतदाताओं से वन टू वन संवाद कर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। मतदाताओं को जागरूक करें की मतदाता पर्ची के साथ 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ लेकर जायें। जिससे मतदान करने में कोई असुविधा नहीं हो। बूथ अवेयरनेस ग्रुप पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी देकर मतदान के लिए प्रेरित करें। देवास जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए हमें पूरी लगन, मेहनत और टीम वर्क के साथ कार्य करें। लोक सभा निर्वाचन-2024 में भी सभी को संकल्प लेना है कि शत-प्रतिशत मतदान हो। गुप्ता ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए रांगोली, मेहंदी, संगोष्ठी, चौपाल, नुक्कड़ नाटक,



मानव श्रृंखला, सायकल रैली, मोटर सायकल रैली, व्यजंन प्रतियोगिता, चित्रकला, ग्रामों मतदान के लिए डोंडी पिटवाये, बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वितरण, कार्निवाल, स्केटिंग, खेल प्रतियोगिता का आयोजन करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्रशिक्षण में बूथ अवेयरनेस ग्रुप को मतदान की शपथ दिलाई। बूथ अवेयरनेस ग्रुप से मतदाता जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के संबंध में सुझाव भी मांगे। बुजुर्ग और असहाय मतदाता की मद्द के लिए वॉलेंटियर की ड्यूटी भी लगाई जायेगी। मतदान के एक दिन पहले बूथ अवेयरनेस ग्रुप के साथ आंगनवाडी कार्यकर्ता और स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रभात फेरी निकाले, घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान के दिन सुबह से ही मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर जाने के लिए प्रेरित करें। अधिक उम्र के मतदाता और गर्भवती महिलाओं को बिना लाईन में लगे



मतदान करायें। मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, एसडीएम बागली आनंद मालवीय, महिला बाल विकास अधिकारी रेलम बघेल, डीपीओ शीला शुक्ला सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# भौंरासा पुलिस की गिरफ्त में ईनामी लुटेरी दुल्हन

### शादी का झांसा देकर ऐंठती थी रुपए



**देवास।** पुलिस को जनवरी से थी लुटेरी दुल्हन की तलाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के भौरासा थाना अंतर्गत फार्म पिपलिया गांव में शादी के नाम पर 2 लाख ठगने वाली लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उक्त दुल्हन पर 2 हजार का इनाम रखा था। मालवा क्षेत्र में कुंवारों को ठगने वाली इस तरह की कई गैंग क्षेत्र में सक्रिय है।भौरासा देवास जिले के खोनपीर पिपलिया गांव की रहने वाली सागर बाई और उनका बेटा रवि उस गैंग के शिकार हुए थे, जो कुंवारे युवकों को अपने जाल में फसाता है। इस गैंग ने दो लाख रूपए लेकर रवि की शादी राधिका नाम की युवती से कराई थी। शादी के आठ दिन बाद राधिका अपने साथियों के साथ फरार हो गई थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दुल्हन समेत 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसमें चार लोगो की गिरफ्तारी पहले ही हो गई थी और उन्हें कोर्ट से जमानत भी मिल गई थी। राधिका पुलिस की गिरफ्त से बाहर थी। जनवरी में हुई वारदात के बाद पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार उज्जैन से गिरफ्तार किया जिसके बाद भौंरासा थाने लाया गया जहा से आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया।भौंरासा टीआई संजय शर्मा ने बताया कि राधिका नाम की यह युवती शादी का झांसा देकर रुपये ऐंठ लेती थी और बाद में कोर्ट जाने की धमकी देती । इस तरह से पूरी गैंग लोगो को अपना शिकार बनाती थी। जनवरी में फरियादी रवि कलोता की रिपोर्ट पर धारा 420, 434 में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और तभी से इसकी तलाश जारी थी। इसके साथ वालों की गिरफ्तारी पूर्व में ही हो चुकी थी, लेकिन यह फरार थी। पुलिस अधीक्षक ने इसके ऊपर 2 हजार का ईनाम भी रखा था। मुखबिर की सूचना पर इसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## समर कैंप में बच्चे सीख रहे हैं योग डांस और खेलों की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सीएम राइज स्कूल देवास के प्राचार्य देवेन्द्र बंसल ने बताया कि सीएम राइज स्कूल देवास में वर्ष भर विद्यालय में बेहतर शिक्षण के साथ पाठ्यसाहगमी गतिविधियां संचालित होती रहती हैं।

जिनमें विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इसी श्रृँखला में 10 मई तक विद्यालय में समर केम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निर्धारित थीम अनुसार इंडोर आउटडोर खेल, योग, नृत्य एवं आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियां संचालित ही रही है। इन गतिविधियों



में प्राचार्य देवेन्द्र बंसल के मार्गदर्शन तथा नोडल अधिकारी उप प्राचार्य नीलू दुबे के निर्देशन में योग में एच एल जाट, नृत्य में अनुष्का जोशी, खेल में हिना भाटी तथा आर्ट एन्ड क्राफ्ट में श्वेता काकड़े द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीएम राइज स्कूल में प्रातः 8 से 11 बजे तक चलने वाले इस समर केम्प में प्रशिक्षकों द्वारा पहले खेल योग नृत्य आदि के नियम, सिद्धांत और लाभ बच्चों को बताये जाते है। उसके बाद अभ्यास कराया जाता है।खेलों में कैरम, शतरंज कबड्डी, खो खो का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि नृत्य में कथक एवम वेस्टन डांस का बेसिक स्टेप्स, एरोबिक्स के साथ योग के विभिन्न आसन सिखाए जा रहे है। कंप्यूटर प्रशिक्षक प्रियंका बाजपेयी द्वारा बच्चो को कंप्यूटर के बेसिक संचालन के साथ कोडिंग का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आयोजित केम्प के अंतिम दिन बच्चों द्वारा की गईं गतिविधियों काप्रदर्शन अभिभावकों के समक्ष किया जाएगा। 10 दिवसीय इस समर केम्प में प्रशिक्षकों के साथ स्कूल स्टाफ की भी सहभागिता निरंतर बनी रही है।

## भीषण सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के कन्नौद थाना अंतर्गत शनिवार रात को ट्रक की टक्कर से तीन बाईक सवार की मौत हो गई। घटना में दो ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वही तीसरे की उपचार के लिए इंदौर ले जाते वक्त मौत हो गई।दरअसल कन्नौद नेमावर मार्ग पर शनिवार रात को अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा नरेड़ी पेट्रोल पंप के पास रात 11बजे लगभग हुआ।

प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार रात बाइक पर मवास्या गांव से तीन युवक एक शादी समारोह में जा रहे थे। रात 11 बजे ट्रक की टक्कर से हादसा हुआ। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने घायल विनोद पिता भादर (22), राजकुमार उर्फ मोगली पिता मनोहर (15) को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल भूरा पिता भगवान (20) को इंदौर रेफर किया



गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। रविवार को कन्नौद के शासकीय अस्पताल में तीनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंपे गए। टीआई तहजीब काजी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भारत विकास परिषद शाखा देवास का शपथ विधि संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत विकास परिषद शाखा देवास का शपथ विधि कार्यक्रम स्थानीय रामाश्रय होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ के चीफ कमांडेंट शिव रतन सिंह मीणा एवं विशेष अतिथि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक के सर्विस मैनेजर कमल नागर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में परिषद की ओर से शपथ अधिकारी के रूप में उज्जैन से पधारी आशु नागर भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में संस्था के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो में अध्यक्ष मीना राव, सचिव अंतिम अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष शालिनी चव्हाण को शपथ अधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इसके पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष ने समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को भी शपथ दिलवाई। इस अवसर पर परिषद से जुड़ने वाले नए सदस्यों को भी परिषद की सदस्यता




देकर शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में परिषद के निवृतमान अध्यक्ष विक्रम आप्टे, सचिव सुरेश डसानिया एवं कोषाध्यक्ष राजेश जोशी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मनीष माहेश्वरी ने भी अपना-अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर परिषद के सदस्य हेमंत वर्मा जो कि देवास से अयोध्या तक साइकिल यात्रा पर गए थे को मुख्य अतिथि ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को परिषद् के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत वर्मा, सोनल गुप्ता ने किया। आभार सचिव अंतिम अग्रवाल ने माना।

## एक्यूप्रेशर साइकोलॉजिस्ट तरीके से मन और शरीर को स्वस्थ रखने का रहस्यः डॉ. खेतावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई देवास में राष्ट्रीय कैडेट्स कॉर्प्स (एनसीसी) के 9 एमपी बटालियन द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर तृतीय दिवस हिप्नोथेरेपिस्ट विशेषज्ञ डॉ. सुधीर खेतावत ने सभी कैडेट्स और के लिए वैकल्पिक तरीके से मन और शरीर के रहस्य विषय पर एक प्रभावी सत्र का आयोजन किया। वक्ता के रूप में हमारे साथ हिप्नोथेरेपिस्ट विशेषज्ञ डॉ. सुधीर खेतावत (भारत में समग्र चिकित्सा के डॉ.) उनके साथ विशेषज्ञ डॉ. अनिता ठाकुर, डॉ. निशा सिंह, डॉ.दीपिका रोशन



और ज्योतिषी डिम्पल शर्मा ने अपनी उपस्थिति दी। डॉ सुधीर ने हमारे दैनिक जीवन में लागू करने के सही तरीके और स्वयं पर विश्वास करके हमारे निरंतर दर्द को मिटाने के बारे में कैडेट्स जानकारी दी और मनोरंजन किया। यह आयोजन जानकारीपूर्ण और आकर्षक तथा गतिविधियों से भरपूर था। कैडेट्स और 9 एमपी बटालियन संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ.सुधीर खेतावत ने अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा किए। वार्ता के समापन पर कमान अधिकारी द्वारा अतिथि वक्ता डॉ. खेतावत, उनके साथ विशेषज्ञ डॉ. अनिता ठाकुर, डॉ. निशा सिंह, डॉ.दीपिका रोशन और ज्योतिषी डिम्पल शर्मा का अभिनंदन स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट किया गया। कार्यक्रम में 9 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वरुण, भारतीय सूबेदार मेजर बृजेश कुमार और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कपिल पटेल और सेकंड ऑफिसर प्रकाश गोयल उपस्थित रहे।

### 8वीं एशियाई जु-जित्सु चौपियनशिप में रोहिणी औरवैदेही ने जीते कांस्य पदक

# देवास शहर की बेटियों ने विदेशी धरती पर लहराया तिरंगा





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जु-जित्सु एशियाई यूनियन द्वारा आयोजित आठवीं एशियाई जु-जित्सु चौंपियनशिप 1 मई से 8 मई 2024 तक अबू धाबी में आयोजित हो रही हैं। मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोच विजेंद्र खरसोदिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया कि टीम ने भारतीय खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में भाग लिया। भारतीय टीम में मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ के 7 खिलाड़ियों द्वारा खिलाड़ियों द्वारा देश का प्रतिनिधित्व किया गया। एशियाई चौंपियनशिप में मध्य प्रदेश की तीन बालिकाओं ने अलग-अलग इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। वही देवास शहर की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रोहिणी कलम एवं वैदेही शर्मा द्वारा दो क्लासिक इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन करते हुए देवास जिले को भी विदेशी धरा पर अलग पहचान दी है। रोहिणी कलम मध्य प्रदेश की एकमात्र वो खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में चीन में आयोजित एशियाई गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व किया था। इसके पश्चात रोहिणी कलम एवं विधि शर्मा द्वारा कई बार विश्व स्तरीय प्रतियोगिताएं एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक प्राप्त किए गए हैं। रोहिणी और वैदेही अपने सफलता का श्रेय अपने गुरु विजेंद्र खरसोदिया को एवं अपने माता-पिता को देती हैं। इनके साथ दोनों खिलाड़ियों ने जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय जोशी एवं महासचिव अमित अरोड़ा का भी धन्यवाद प्रकट किया कि आज उनके मार्गदर्शन में दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का प्रदर्शन कर पा रही है। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर संस्था के मुख्य संरक्षक देवास विधायक गायत्री राजे पवार, विक्रम सिंह पवार, महेंद्र सोलंकी लोकसभा प्रत्याशी देवास , मनोज चौधरी विधायक हाटपिपलिया, गीता दुर्गेश अग्रवाल महापौर , मनोज परमार राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुभाष शर्मा, रायसिंह सेंधव ,हेमंत सुवीर जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवक कल्याण विभाग , प्रीतम सिंह सोलंकी ,विजेंद्र राणा, प्रेम परमार, रजनीश साहू दिलेर परो सनिया, रश्मि कलम ,जितेंद्र पाटीदार उप सरपंच ,ऋषभ त्रिवेदी , अनिकेत चौधरी, रेणुका कलम, अजय कुंभकार मनोज मालवीय, जितेंद्र पाटीदार , विनोद सोलंकी ,ऋतिक सोलंकी, वेदांत खरसौदिया, हुकुम आचार्य, नीरज पाटीदार, बहादुर सोलंकी, जगदीश खरसोदिया, आदि लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रगति एथलेटिक्स क्लब एवं देवास जिला तीरंदाजी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पावेल राजानी कार्यक्रम की अध्यक्षता में सुधीर पंडित द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जावेद पठान, तीरंदाजी के उपाध्यक्ष योगेश द्विवेदी, मिनी गोल्फ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, देवास जिला तीरंदाजी के सचिव अनिल श्रीवास्तव, देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के सचिव राजीव श्रीवास्तव, आर्चरी के टेक्निकल ऑफीसर निरंजन यादव, रितेश मालवीय, सोनू विश्वकर्मा उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत योगेश द्विवेदी, अनिल श्रीवास्तव, भारत वर्मा, राजीव श्रीवास्तव, जितेंद्र गोस्वामी, सुदामा शर्मा, आयुष श्रीवास्तव, देव चौधरी, आयुषी सिंह आदि ने किया। शिविर प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे के मध्य आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अनिल श्रीवास्तव ने किया आभार भरत वर्मा ने माना।

## खबर संक्षेप

### श्रीनाथ मंदिर से निकाली गई शोभा यात्रा

**सीहोर।** शनिवार को शहर के खजांची लाइन स्थित श्रीनाथ मंदिर से श्री वल्लभाचार्य जयंती के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा किया और अनेक स्थानों पर पेयजल वितरण किया गया। शनिवार को निकाली गई शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और श्रद्धालु और भजन मंडलों के द्वारा भजनों का आयोजन किया गया। इसके पश्चात ठाकुर जी को भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में श्री वल्लभाचार्य जी के चित्र के समक्ष श्रद्धालुओं ने आरती उतरी।

### जिले में 07 और 13 मई को अवकाश रहेगा

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा एवं मुख्य निर्वाचन पदधिकारी म.प्र. भोपाल, द्वारा दिये गये दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अन्तर्गत मतदान दिवस 07 मई 2024 को सीहोर जिले की सीमा में विधानसभा क्षेत्र 156-बुधनी, 158- इछावर एवं 159-सीहोर एवं 13 मई 2024 को 157-आष्टा विधानसभा सभा की सीमा में मतदान दिवस को जिले में स्थित समस्त कारोबार, व्यवसाय, ओद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो मतदाता के रूप में मतदान करने का हकदार है, को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

### कथा के अंत में स्वच्छता का संदेश देकर कथा का किया समापन

# शिव महापुराण कथा मनोरंजन के लिए नहीं मनोमंथन और विश्व कल्याण के लिए है : पंडित राघव मिश्रा





पंडित राघव मिश्रा ने शिव महापुराण कथा को समय पास करने वाला या मनोरंजन के लिए न बनाकर मनोमंथन कर शंका निवारण करने वाली बताया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में जारी संगीतमय पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा के समापन अवसर पर 14 वर्षीय कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने शिव महापुराण कथा को समय पास करने वाला या मनोरंजन के लिए न बनाकर मनोमंथन कर शंका निवारण करने वाली बताया। अतः भगवान शिव कथा सुनने से आमजन का कल्याण होता है, साथ ही चित्त प्रसन्न होकर आत्मा शुद्ध होती है। कथा हमें सन्मार्ग भी दिखाती है। शनिवार को कथा के समापन अवसर पर पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर मौजूद सभी श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहीं भगवान विराजते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सुपुत्र 14 वर्षीय कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने अपनी पहली ही कथा में अपनी मासूम शैली में कथा कर आस्थावान श्रद्धालुओं को भगवान का संदेश दिया। पांच दिन में करीब 100 से अधिक महिला और पुरुष संगठनों के अलावा दिग्गज नेताओं ने पंडित श्री मिश्रा का स्वागत किया। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति के प्रबंधक समीर शुक्ला और उनकी टीम ने शनिवार को करीब बीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी के अलावा ठंडाई का वितरण किया। इस दौरान पंडित विनय मिश्रा, आशीष वर्मा, यश अग्रवाल, मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा, रविन्द्र नायक, सौभाग्य मिश्रा, बंटी परिहार आदि शामिल थे।

#### कथा को मनोरंजन के रूप में नहीं ले

पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि कई जन्मों के पुण्य संचित होते हैं तब जाकर भक्ति ज्ञान वैराग्य की त्रिवेणी में गोता लगाने का अवसर प्राप्त होता है। कथा को मनोरंजन के रूप में नहीं लेना चाहिए, कथा मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि मनोमंथन के लिए होता है। कथा सुनकर जाते समय इस बात का मंथन अवश्य करना चाहिए कि कथा की कौन सी बातें हमारे जीवन के लिए अनुकरणीय है, बीच-बीच में भगवान भोलेनाथ के भजनों को सुनाकर स्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने कहा कि कथा सत्संग भाग्य से ही मिलता है। मंदिर में भगवान के दर्शन करने से बड़ी बात भक्ति में रम जाने की है। शब्द ब्रह्म शक्ति है। तन की जल से, मन की धन से और आत्मा की शुद्धि सत्संग से होती है।

#### कथा में पशुपति प्रसंग का किया वर्णन

पंडित राघव मिश्रा ने कहा कि बहुत से भक्त यह सोंचते है कि यदि सम्पूर्ण पूजा सामग्री एकत्रित नही हो पाती है तो पशुपतिनाथ का व्रत अधूरा रह जायेगा और भगवान शिव हम से प्रसन्न नहीं होंगे, लेकिन भोलेनाथ के भक्तों को यह चिंता अपने मन से निकाल देनी है। जिस प्रकार से एक पिता अपने पुत्र की चिंता करता है उसी प्रकार से भगवान शिव अपने भक्तों की चिंता रखते हैं, उन्हें प्रसन्न करने के लिए भक्तों को बहुत कठिन परिश्रम नहीं करना है अगर एक लोटा जल भी हमने भोलेनाथ को प्रेम से अर्पित किया है तो वह ही बहुत है। इसलिए जितनी भी पूजा सामग्री आप एकत्रित कर सकते है उसी पूजा सामग्री से पशुपतिनाथ जी की पूजा कर सकते है।

#### बताया 12 ज्योतिर्लिंग का महत्व

पंडित श्री मिश्रा ने शनिवार को कथा के पांचवे दिवस कहा कि सौभाग्यशाली होते हैं वैसे लोग जो अपने जीवनकाल में इन 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर पाते हैं। पुराणों के अनुसार शिवजी जहां-जहां स्वयं प्रकट हुए थे, उन बारह स्थानों पर स्थित शिवलिंगों को ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजा जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि जो व्यक्ति प्रतिदिन प्रातःकाल और संध्याकाल के समय इन बारह ज्योतिर्लिंगों का नाम लेते हैं, उनके पिछले सात जन्मों के पाप इन लिंगों के स्मरण मात्र से धुल जाते हैं। मानव का जीवन भगवान की भक्ति के लिए हुआ है और इस कलियुग में भक्ति से बड़ा कुछ नहीं है। कर्म के साथ भगवान की भक्ति करें। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शिव महापुराण के अंत में भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा सहित अन्य ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए कथा में पिछले पांच दिनों में सीहोर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य प्रतिनिधियों ने धाम पर पहुंचकर कथा का श्रवण किया।

## स्वीप प्लान के अंतर्गत नप कोठरी में रैली और मानव श्रृंखला का आयोजन हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत स्वीप प्लान के अन्तर्गत दिनांक 03मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप प्लान के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान अन्तर्गत न.प. कोठरी में रैली एवं मानव श्रृखला का आयोजन किया गया है।

निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार मतदान का प्रतिशत बढाने हेतु नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मतदाता जागरूकता हेतु कार्यालय नगर परिषद् कोठरी के समस्त अधिकारी/कर्मचारी शा.उ.मा.वि. कोठरी के समस्त अधिकारी/कर्मचारी ,मतदान केन्द्र क्र. 261 से 270 तक के समस्त बीएलओ , महिला बाल विकास के समस्त ऑगनवाडी कार्यकर्ता एवं साहयिका ने स्वीप प्लान के अन्तर्गत न.प. कोठरी में रैली एवं मानव श्रृखला मे उत्साह के साथ आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। स्वीप प्लान के अन्तर्गत रैली प्रारंम्भ शा.उ.मा.वि. कोठरी से प्रारंम्भ होकर हाईवे एवं प्रमुख मार्गो से होते हुए बस स्टैंड होकर पवन चौक में मानव श्रृखला का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदान करने का आवह्न किया गया है।

इस अवसर पर नगर परिषद् कार्यालय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार जाटव , शा.उ.मा.वि. के प्राचार्या एमेल्डा तिर्की कार्यक्रम में उपस्थित होकर नगर वासियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपिल की गई। इस कार्यक्रम के सैकडो मतदाता नागरिक उपस्थित थे।

## रखरखाव के बाद भी रोज गुल हो रही है बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बिजली विभाग नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने का दावा जरूर करता है लेकिन हकीकत कुछ और है बिजली कटौती से परेशान नगर के लोगों को गर्मी के समय और भी दिक्कत होती है नगर में इन दिनों घंटों बिजली की कटौती की जा रही है। जरा सी हवा आंधी वाह वर्षा होते ही बिजली गुल कर दी जाती है बिजली विभाग डिमांड के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है ऐसे में लोगों को अघोषित कटौती से जूझना पड़ रहा है इसके अलावा अनेक स्थानों पर फाल्ट आने के कारण भी घंटों बिजली गुल रहती है वहीं बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप एक ग्रुप में कटौती की सूचना दिन में कई बार देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग की अनदेखी के कारण बार-बार बिजली बंद होने की समस्या बढ़ती जा रही है पिछले 1 सप्ताह से हवा आंधी के चलते हैं कि हकीमाबाद से जावर, कजलास आई बिजली की 33 केवी लाइन कभी फाल्ट होना तो कभी ट्रांसफार्मर जलना और तो और झूलते तार के फाल्ट होने के कारण विद्युत कर्मचारी द्वारा जावर, कजलास नगर सहित क्षेत्र की बिजली सप्लाई बार-बार बंद करना आम बात हो गई है दिन पर दिन रात में भी कई बार बिजली का आना जाना लगा रहता है उमस के कारण लोग बहुत परेशान हैं वहीं बिजली के बार बार चले जाने के कारण लोग घरों के बाहर देर रात में बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं और बिजली कर्मचारी को कोसते नजर आते हैं। जब भी नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हवा आंधी चलती है तो हकीमाबाद से जावर, कजलास आई 33 केवी फाल्ट हो जाती है जिसका फाल्ट ढूंढने के लिए बिजली कर्मचारी को घंटों लग जाते हैं। वही गांव क्षेत्र में रोजाना केबल का जलना होता रहता है और केबल की यह हालत हो गई है कि जगह-जगह बिजली के कर्मचारियों ने केबल के टुकड़े कर कर जोड़ लगाकर कहीं जगह कट कर दिए हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और गांव क्षेत्र में बमुलिया रायमल में रोजाना केबल में आग लगती है और केबल झूल रही है गांव क्षेत्र में कि करीब जमीन से सिर्फ 5 से 10 फीट ऊंची ही रह गई है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन बिजली कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं सिर्फ थोड़ी सी अवधि में लाइट बंद कर देते हैं गांव क्षेत्र में रोजाना केबल में आग लग जाती है तो कभी फाल्ट हो जाती है केवल की यह हालत हो गई है कि पूरी तरह नष्ट हो गई है।

## सड़क सुरक्षा के साथ-साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन मध्यप्रदेश सड़क विकाश निगम (एम.पी.आर.डी.सी.) के निर्देशन में पुलिस प्रशासन के साथ मिल कर सुरक्षित यात्रा के लिए देवास भोपाल फोर लेन सड़क से गुजरने वाले एवं यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का गुलाब का फुल दे कर सम्मानित कर रही है । जहा एक तरफ पुलिस प्रशासन लोक सभा चुनाव के मद्देनजर समाज में शांति ब्यवस्था तथा किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना निषेध हेतु वाहनों की चेकिंग कर रही है, तो वही दूसरी तरफ देवास भोपाल फोर लेन सड़क प्रशासन के साथ मिल कर वाहन चालकों से सुरक्षा से सफर करने की अपील कर के साथ समाज में उचित न्याय प्रिय शासन व्यवस्था स्थापित करने हेतु मतो का महत्व समझाने के साथ मतदाताओं को अपने मत का उपयोग के लिए जागरूक कर रही है । देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन ने बताया कि देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ मिल कर सुरक्षा अभियान के तहत सुरक्षा के लिए हाइवे पर जानें पूर्व सावधानियों से अवगत कराने के साथ दुर्घटना संभावित बिन्दु, जिसकी वजह से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना से अवगत करा रही है। देवास भोपाल फोर लेन एवं पुलिस प्रशासन सड़क सुरक्षा नियमों को वाहन चालकों के मध्य साझा करने के साथ जगह जगह सुरक्षा एहतियात नुक्कड़ सभा आयोजित कर रही है। डीबीसीपीएल सी एस आर प्रशासन का उद्देश्य समाज की दुर्घटना से रक्षा एवं सड़क सुरक्षा एवं मतदान को बढ़ावा देना है, ताकी आम जन नियम न पालन करने के दुष्परिणाम से अवगत हो साथ ही समाज में उचित न्याय प्रिय शासन व्यवस्था स्थापित किया जा सके।

### सरला देवी की स्मृति में गौशाला की गायों की सेवा के लिए किया दान

**आष्टा।** पार्वती धाम गौशाला नगर के धार्मिक नागरिकों के सहयोग से संचालित हो रही है मां पार्वती धाम गौशाला में गौ माता की देख रेख व बीमार पशुओं का उपचार निरंतर रूप से किया जा रहा है।

वरिष्ठ अभिभाषा राजमल धरवॉ की धर्मपत्नी स्वर्गीय सरला देवी धरवॉ की स्मृति में गौशाला की गौ माता के आहार व गौशाला निर्माण हेतु राधा कृष्ण धरवाँ एडवोकेट, सुरेशचंद्र धारवाँ, मुकेश चन्द्र धारवाँ,धीरज धारवाँ एडवोकेट, नितिन धरवाँ, विकास धारवाँ, सचिन धरवाँ, सौरभ धारवाँ एडवोकेट, रजत, प्रिंस, अनुराग एडवोकेट, प्रज्ज्वल एडवोकेट, उज्वल, विनायक, धारवाँ परिवार की ओर से 5100 रुपए की दान राशि मां पार्वती धाम गौशाला समिति कोषाध्यक्ष संजय सुराणा को प्रदान की गई।

साथी स्वयं के घर में गौ माता के दान हेतु गौ माता गुल्लक रखी गई थी जिसमें प्रतिदिन गौ सेवा के लिए दान राशि डाली जाती थी वह गुल्लक की राशि 2951 रूपए गौशाला को स्वर्गीय सरला देवी धारवाँ की स्मृति में राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपस्थित मां पार्वती धाम गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, नरेंद्र पोरवाल, लोकेंद्र धरवाँ, बसंत पाठक, एवं मां पार्वती धाम गौशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने मृत आत्मा के प्रति ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं धारवाँ परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही अन्य लोगों से भी सहयोग की अपील की।

### जैन धर्म और जैन कुल प्राप्त करना बहुत दुर्लभः आचार्य उदार सागर महाराज

## संसार व पापों से किनारा कर कल्याण करें: उपशांत सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



।जैन धर्म और जैन कुल प्राप्त करना बहुत दुर्लभ है, इसे समझने वाले बहुत कम है।जैन धर्म से प्रभावित होकर पंडितजी ने जैन धर्म स्वीकार किया। क्षुल्लक बने, अनेक पाठशालाओं को प्रारंभ कराया। जैन धर्म का पालन करने से भुक्ति और मुक्ति भी मिलती है।जैन धर्म की प्राप्ति हुई है, संसार व पापों से किनारा कर कल्याण करें।विभिन्न गतियों में जाकर काफी दुःख सहे।जो प्राणी अपने स्वभाव, कर्तव्य से विमुख है,वह सौ रहा है।

दिगंबर साधु स्व और पर हित का कल्याण करते हैं।मारीच के सिंह भव में मुनिश्री ने उपदेश देकर सदमार्ग बताया।सिंह जीव ने मुनिश्री की बात स्वीकार कर आत्म कल्याण कर चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी बने। उक्त बातें नगर के श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी में विराजित आचार्य अभिनंदन सागर महाराज के परम शिष्य आचार्य उदार सागर महाराज एवं मुनि उपशांत सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आचार्य भगवंत व मुनिश्री के प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि आचार्य भगवंत उदार सागर महाराज ने कहा हमारा पुरुषार्थ वर्तमान में नहीं, जैन धर्म के महत्व को समझों। अच्छे और सच्चे मन से जैन धर्म का पालन करने से आपका जीवन सफल होगा। धर्म बहुत दुर्लभ है, धर्म का पालन कर अपने जीवन को सार्थक करें। मुनि उपशांत सागर महाराज ने कहा क्षुल्लक गणेश प्रसाद वर्णी ने जैन धर्म की काफी प्रभावना की, हालांकि वे जैन समाज से नहीं थे, लेकिन जैन शास्त्रों को सुनकर जैन धर्म अंगीकार कर बहुत बड़े विद्वान बने।

समाज आज भगवान महावीर के सिद्धांतों पर ध्यान नहीं दे रहा है।चिंतन,मनन करने की आवश्यकता है।इस आत्मा रूपी शरीर ने अनंत दुःख, कष्ट भोगे है। कष्ट में ही व्यक्ति भगवान को याद करता है,सुख में नहीं। सच्चे सुख को भगवान ने प्राप्त कर लिया,हम लोग संसार में भटक रहे हैं। ऋषभदेव के साथ चार हजार राजाओं ने दीक्षा ली थी। धर्म पालन नहीं करने पर अनेक दीक्षा लेने वालो ने ऋषभदेव के चरणों में पहुंचकर रत्नात्रय अंगीकार किया। दिगंबर साधु धर्मोपदेश देकर सभी का कल्याण करते हैं।जो उपदेश नहीं सुनते वह अपना कल्याण नहीं करते हैं। मुनिश्री ने कहा साधु प्रतिमा दिलाकर आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। पावापुरी से पापों का क्षय कर महावीर भगवान ने मोक्ष प्राप्त किया । दुःख सहते -सहते मन नहीं भरा रहा है आप लोगों का। साधु- संतों की बात नहीं मान रहे हो। हमें अपनी चिंता नहीं भगवान के सिद्धांतों और धर्म की चिंता करें।आप लोग तो परिजन की चिंता करते हैं।

आज दम्पति एक भी बच्चा नहीं चाहते हैं। बच्चों को डायपर पहना रहे हैं, मंदिर में बच्चे डायपर में लेट्रिंग बाथरूम कर रहे हैं,पाप किसे भोगना पड़ेगा। चौरासी लाख योनियों में भटकने के बाद मनुष्य भव महावीर स्वामी के शासन में जन्म लिया है, आत्मा का कल्याण करें।जैन धर्म अधिक समय का नहीं बचा है। धर्म ध्यान से दूर व्यक्ति सौ रहा है। भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों का पालन करें। मंदिरों, साधुओं की रक्षा कौन करेगा,जो रक्षा करेंगे उनकी रक्षा भगवान करते हैं। सही समय पर बच्चों की शादी विवाह करें। साधु संतों द्वारा समाज को दिशा निर्देश देते है। समस्या से जकड़े हुए है।जान पहचान में संबंध करें। जैन कुल में जन्मे हो छानकर पानी पीए। धर्म, मंदिर व गुरुओं की रक्षा हेतु कदम बढ़ाए।धर्म परिवर्तन करा रहे हैं लोग,यह ठीक नहीं है। श्रावक, मुनि धर्म का पालन करें। जैन धर्म की प्रभावना होती रहना चाहिए। धर्म परिवर्तन नहीं करें, भले ही गर्दन कटवाना पड़े। जैन धर्म की पताका फहराते रहे। कर्मों का क्षय बिना सच्चे सुख की प्राप्ति नहीं।

## मुनि सुब्रतनाथ जी का जन्म और तप कल्याणक महोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शुक्रवार 3 मई को जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर मुनिसुब्रतनाथ भगवान का जन्म और तप कल्याणक महोत्सव नगर में जैन समाज द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया। सभी मंदिरों में भगवान के अभिषेक, शांति धारा कर पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। इसके एक दिन पहले भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव भी मनाया गया। नगर के श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज में भगवान मुनिसुब्रतनाथ जी के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव के अवसर पर शांति धारा के लाभार्थी सुशील जैन लक्ष्यपति एवं दीपक जैन कंचन थे। वहीं भगवान की पूजा अर्चना भी भक्ति भाव से की गई। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर एवं श्री चंद्र प्रभु मंदिर अरिहंत पुरम, श्री नेमिनाथ दिगंबर मंदिर नेमि नगर एवं शांति नगर में भी भगवान मुनिसुब्रतनाथ जी की आराधना की गई।

## चौथा राष्ट्रीय योगासन जज प्रोग्राम लेवल 1,2,2+का आयोजन

# ओलंपिक में शामिल होगा योगासन खेलः डॉ जयदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



योगासान भारत के तत्वावधान में 29 अप्रैल से 3 मई तक साई एन एस एन आई एस पटियाला में हुआ जिसके समापन आज हुआ समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री विनीत कुमार साइ कार्यकारी निदेशक एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 180 से अधिक सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश से आए जजों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जो योगासन खेल से संबंधित आने वाली प्रतियोगिताओं में जजिंग का कार्य करेंगे जिसमें स्टेट प्रतियोगिता नेशनल योगासन प्रतियोगिता खेलो इंडिया प्रतियोगिता योगासन खेल से संबंधित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए जिसमें योगासन प्रतियोगिता में होने वाली बारीकियो के बारे में और तकनीकी जानकारी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया और योगासन भारत द्वारा योगासन खेल को 12 इवेंट में कराया जाता है इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई योगासन सत्र के दौरान ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना, प्रवीण और उनके कोच द्वारा भी उनके बॉक्सिंग खेल मैं कितना सुधार उन्होंने किया आसन, प्राणायाम, ध्यान के माध्यम से इसके बारे में बॉक्सर खिलाड़ी लवलीना ने विस्तार पूर्वक बताया उन्होंने कहा योग से हमारा शरीर फ्लैक्सिबल रहता है सूर्य नमस्कार से हमारा वार्मउप हो जाता है ।

मेडिटेशन और प्राणायाम से हम कंसंट्रेट रहते हैं और हमारी इम्यूनिटी पावर बढ़ जाती है इसलिए प्रत्येक खेल के खिलाड़ी को अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करना चाहिए वही योगासन भारत के महासचिव डॉक्टर जयदीप आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा योगासन खेल बहुत जल्द ही ओलंपिक में शामिल किया जायेगा जिससे हमारे भारत के समस्त योग के खिलाड़ी हमारे राष्ट्र के लिए मेडल जीतकर योग खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पूरे विश्व में अपने देश का नाम रोशन कर सकेंगे, समापन सत्र के दोरान साई कार्यकारी निदेशक विनीत कुमार ने कहा की योग से हम शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक रूप से हमारा विकाश होता है साथ मैं ही एकता भाव भी हमारे बीच विकसित होता है योगाचार्य महेश पाल ने जानकरी देते हुए बताया कि इस प्रोग्राम में विशिष्ट अतिथि डॉ संजय मालपानी उमंग डॉन, डॉ एम निरंजन, सी वी जयंती, डॉ आरती पाल ,योगासन भारत कोषाध्यक्ष रचित कौशिक कार्यकारी परिषद के सदस्य रोहित कौशिक साईं NS, NIS मैं योगासन के मुख प्रशिक्षक डॉ सी के मिश्रा, शमील मोन कलङ्गोत, अभिजित बोष,एवं श्रेयस् मार्तंड, पारुल शर्मा इस कार्य क्रम मैं उपस्थित रहे।

# राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने सारंगपुर में किया आमसभा को संबोधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गेहलोत शनिवार को 4 बजे सारंगपुर पहुंचे और सभा को संबोधित किया। साथ ही मंच पर उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, रामेश्वर निखरा, दीपक जोशी, कुणाल चौधरी मौजूद रहे। गहलोत ने मंच से संबोधित करते हुए इलेक्ट्रोल बांड को दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला बताया। हालत बहुत चिंताजनक है इन्होंने दो करोड़ नौजवानों को नौकरी देने की, काले धन की बात की थी। ईडी आ गई सीबीआई आ गई। देश की वित्तमंत्री के पति खुद कहते हैं कि इलेक्ट्रोरल बांड घोटाला है। उन्होंने कहा कि लोगों में उत्साह नहीं है। केंद्र सरकार अब भैंस पर आ गई है कह रहे है आपकी भैंस कांग्रेस ले लेगी। फिर कह रहे कांग्रेस जीतेगी तो पाकिस्तान बहुत खुश होगा। यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। उन्होंने कांग्रेस कि 5 गारंटी के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री दीपक जोशी, पूर्व विधायक हजारीलाल मालवीय, पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय,रामेश्वर निखरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीना मालवीय कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, पूर्व सांसद नारायणसिंह पंवार, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रदीप सादानी, जगदीश सैनी, पूर्व आईएएस जीपी माली सहित दो दर्जन कांग्रेसी नेता मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडव्होकेट ओपी विजयवर्गीय ने किया।

## अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बराई थाना चंदेरी निवासी सतेन्द्र बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी आंनद बैरागी और रीना बैरागी पति पत्नी दोनो ने प्राइड कालोनी अषोकनगर मे उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊर्जा कालोनी निवासी राजपाल केवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी सतपाल केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर 2 के पीछे मुंगावली निवासी सरोजबाई बागडी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रघुवीर और लखन बागडी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा जमाल निवासी रीता बाई पत्नी कल्याण सिंह केवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी यषवंत गुर्जर राधामोहन गुर्जर ने उसके घर के आगे उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतवास निवासी गेंदा बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी नीलम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी कुसुम देवी पत्नी देवीसिंह बागडी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी बागडी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कलारीपुरा निवासी मुनेष पुत्र जगनी जाटव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी करण जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## रघुकुल सेवा समिति ने कराया नारों का लेखन

**नईसराय।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अशोकनगर जिला समन्वयक अनिता जाटव ईसागढ़ विकास खण्ड समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक के सानिध्य में नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति सेक्टर क्रमांक 5 नईसराय द्वारा अपने सेक्टर के ग्रामों में 07 मई 2024 को वोट करेगा अशोकनगर थीम पर मतदाता जागरूकता के लिए नारों व स्लोगन का लेखन किया जा रहा है नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विपिन रघुवंशी द्वारा ग्रामीणों को पीले चावल देकर वोट डालने का आमंत्रण दिया जा रहा है।




# कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा 5 जून से होगी प्रारंभ

### राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किए निर्देश

**ब्यावरा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनै परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किए जाएं। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

## आमजन को किया आगाह

# शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं : विद्युत वितरण कंपनी

**ब्यावरा।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन से आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट होने पर उसे हल्के में न लें बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में आमजनों का भी सहयोग जरूरी है।

कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानि से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आम उपभोक्ता को पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, जिससे शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर या उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में सूचना अवश्य दें।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच आदि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। मानव जीवन अमूल्य है। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें। स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग न करें। उचित क्षमता के एम.सी.सी.बी, कट-आउट लगाने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग का ही उपयोग करें। वर्ष में एक बार अपने परिसर की वायरिंग, फिटिंग, अर्थिंग अनुभवी एवं दक्ष इलेक्ट्रीशियन से अवश्य जांच कराएं, ताकि शार्ट सर्किट की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**जीरापुर।** परोलिया से आगे भानपुरा-जीरापुर जोड़ पर एक कार चालक ने मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी हरी सिंह पिता भंवरलाल दांगी निवासी भानपुरा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी कार चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक तरीके से मेरी मोटरसाइकिल में टक्कर मारी जिससे मुझे चोटे आई तथा कलीम खान को चोटों के कारण मृत्यु हुई।

फरियादी ने बताया कि सफेद रंग कि स्प्रेशो कार चालक ने तेज गति एवं खतरनाक टक्कर मारी कि कलीम खान निवासी टुटियाखेड़ी की मौत हो गई। पुलिस ने 279 , 337 , 304-। आईपीसी एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से एक्स प्रो कार को अपने कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# चोरी करने का अनोखा तरीका कंबल ओढ़ कर की चोरी बावजूद सीसीटीवी में हुआ कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर एवं क्षेत्र में लगातार चोरी का सिलसिला जारी है। लगभग एक माह में तीन चार जगह पर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने शुक्रवार की मध्य रात्री में आवास कॉलोनी स्थित एक किराना की दुकान में मकान के पीछे की खिड़की तोड़कर दुकान में घुसकर नकदी और सामान चुराया।

दुकानदार ने जब सुबह दुकान खोली तो उसे चोरी के बारे में पता चला। तत्काल पुलिस को सूचना दी। जिसमें उल्लेख किया कि मेरी दुकान जोकि सुरेश कुमार श्रीनाथ दास गुप्ता के नाम से आवास कॉलोनी हटिले हनुमान मंदिर के सामने स्थित है। शुक्रवार की रात्री में पड़ोस के मकान की छत पर चढ़कर दूसरे पड़ोसी की छत पर चोर चढ़ा जहां से एक रस्सी काटी तथा दूसरे पड़ोसी की छत से कंबल तथा साड़ी लेकर उस साड़ी के सहारे से दुकान में घुसा एवं साड़ी बांधकर नीचे उतरा तथा चोरी को अंजाम दिया। तब दुकान के पीछे के हिस्से कि खिड़की भी तोड़ी। दुकान में जब चोर घुसा तो सीसीटीवी कैमरे में कम्बल ओढ़े दिख रहा है। ओर दुकान में से नगदी रुपए एवं सामान लेकर गए हैं। जब सुबह दुकान मालिक दुकान खोलने आए तो देखा कि दुकान के अंदर पिछै की खिडकी टुटी हुई है जिसमे दुकानदार ने बताया कि गुल्लक में रखे रूपये करीब सत्तर हजार व अन्य सामान गायब था। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चमार उमरिया गांव में बाल विवाह रुकवाने पहुंची टीम को मिली धमकी

# 15 साल की दुल्हन, 20 साल के दूल्हे की हो रही थी शादी, टीम ने पहुंचकर रुकवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



लटेरी तहसील के अंतर्गत ग्राम चमार उमरिया गांव में नाबालिक किशोरी का बाल विवाह किया जा रहा था। सूचना पर बाल विवाह रुकवाने वाली टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और महिला बाल विकास विभाग के सदस्यों के साथ लटेरी के ग्राम चमार उमरिया पहुंचकर विवाह को रोकने का प्रयास किया। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दीपा शर्मा ने बताया कि टीम के सामने काफी परेशानी आई। ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और जान से मारने की धमकी भी दी। यहां तक की बंधक बनाने का प्रयास भी किया गया। बाद में उनारसी कला थाना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलानी पड़ा। काफी समझाइश देने और बाल विवाह की दुष्परिणामों के बारे में बताने के बाद परिवार विवाह को टालने के लिए तैयार हुआ।

## 1341 बीयू, और इतनी ही सीयू और वीवीपीएटी उपलब्ध हुईं

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए ईवीएम व वीवीपीएटी आवंटित की गईं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन ने बताया कि जिले के सभी 1341 मतदान केन्द्रों के लिए विदिशा जिले में 1341 (बीयू) यूनिट्स, 1341 (सीयू) यूनिट्स एवं 1341 वीवीपीएटी यूनिट्स आवंटित की गई हैं। जबकि 263 बीयू और 263 सीयू यूनिट्स तथा 396 वीवीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में रखी गई हैं। संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा अंतर्गत आने वाली विदिशा विस के लिए अलग-अलग 276-276 बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स आवंटित हैं के अलावा 54-54 बीयू और कंट्रोल यूनिट्स तथा 81 व्हीव्हीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में रखी गई हैं। इसके अलावा बासौदा विधानसभा के लिए क्रमशः 262-262 अलग-अलग बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स के अलावा 51-51 बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स तथा 81 व्हीव्हीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में है।

## नाश्ते के पैसे लेनदेन में गाली गालौज मामला दर्ज

**ब्यावरा।** थाना अंतर्गत नाश्ते के पैसों के लेने के चक्कर में दो दोस्त आपस में भिड़ गए। उन्होंने आपस में एक दूसरे को गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर ब्यावर सिटी थाना पुलिस ने जगदीश पिता कालूराम उम्र 31 साल निवासी पुनीता टॉकीज सुठालिया रोड ब्यावरा के कहने पर अरविंद गुर्जर और घनश्याम गुर्जर पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने धारा 294 323 506 34 आईपीसी के तहत यह मामला दर्ज किया।

## आरोन पत्रकार संघ ने दिलाई मतदान की शपथ

**आरोन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेंद्र सिंह के निर्देशन में निकाय आरोन द्वारा चले बूथ की ओर अभियान अंतर्गत शनिवार को आयोजन किया गया। जिसके क्रम में नगर आरोन क्षेत्र अंतर्गत गुलाब गंज चौराहे पर मतदान अवश्य करें शपथ का आयोजन किया गया। जिसमे पत्रकार परमार सिंह राजपूत के द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की गई एवं सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त अभियान/स्वीप गतिविधि में नोडल अधिकारी जिगर शेख, कार्यालय समस्त कर्मचारी, समस्त पत्रकार बन्धु, नगर आरोन के आम नागरिक उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से गांजा रखने पर मामला दर्ज

**ब्यावरा।** सुठालिया थाना अंतर्गत आरोपी अपने आयशर ट्रक में गांजा रखे होने पर पुलिस ने राहुल पिता पदम सिंह को एवं पीरु उर्फ विरू राजपूत पिता मेहरबान सिंह राजपूत ढाबली थाना खिलचीपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 66 किलो 200 ग्राम गांजा जिसकी कीमत 6 लाख 62 हजार तथा आयसर गाड़ी की कीमत को मिलाकर 15 लाख का मशरूका जप्त किया है। पुलिस ने 8/20 एनडीपीसी एक्त के तहत सरकारी थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

# चेतावनीः इस बार तापमान 45 डिग्री के भी पार पहुंच सकता है!

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मई की शुरुआत होते ही भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शहर में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने तेज गर्मी की संभावनाएं जताई है।

पिछले दिनों अप्रैल के महीने में बेमौसम बारिश का दौर चला था, जिससे तापमान में कमी देखी गई थी। अब मौसम का मिजाज बदल गया है। गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। सुबह से ही गर्मी पड़ रही है, लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकल रहे है। गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजार में सन्नाटा छाने लगा है।

शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में तापमान में भी वृद्धि होने की संभावना है। अनुमान है कि आगामी दिनों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। जिले में तापमान 45 डिग्री या इससे ज्यादा पहुंच सकता है।

## पीले चावल देकर मतदान के लिए किया आमंत्रित

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जिला प्रशासन, नगरीय निकाय एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। चलें बूथ की ओर अभियान की मंशानुरूप विदिशा जिले में जन-जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों के साथ साथ ग्रामीण, व्यापारी वर्ग एवं पथ विक्रेताओं को पेम्पलेट एवं पीले चावल देकर 7 मई को मतदान करने की अपील की जा रही है। खेजड़ा चक आदिवासी बाहुल्य बस्ती में मनुहार पाती एवं पीले चावल देकर स्वीप प्लान अन्तर्गत घर घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए।।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए घर-घर पहुंचकर दिया निमंत्रण



**छापीहेड़ा।** नगर परिषद छापीहेड़ा द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं कि शत प्रतिशत मतदान ही लोकतंत्र को मजबूत बनता है। शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान किए जाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा के निर्देश अनुसार नगरीय क्षेत्र छापीहेड़ा में अधिक से अधिक मतदान किए जाने हेतु नगर के सभी वार्ड के घरों में जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को आमंत्रित किया। ओर अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरि ओम शर्मा निकाय कर्मचारी जमील खान मंसूरी पंकज कुमार शर्मा कुशाल सिंह दांगी तारा तोमर रुखसाना छाया शर्मा कविता पटेल दीपा चैरसिया एवं सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने मारी बाजी

### दसवीं, आठवीं, पांचवी कक्षाओं में रहीं अव्वल





**ब्यावरा।** नगर की प्रतिष्ठित एवं संस्कार युक्त शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा का कक्षा दसवीं आठवीं एवं पांचवी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा दसवीं में दिशा पवार ने 500 में से 441 अंक प्राप्त कर 88 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमन दांगी ने 500 में से 439 अंक प्राप्त कर 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राधा कारपेंटर ने 500 में से 422 अंक प्राप्त कर 84 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में बहन भावना यादव ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं कक्षा पांचवी की बहन श्रद्धा दांगी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने उनको शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिला न्यायाधीश ने किया रक्तदान, अन्य ने ली प्रेरणा



**21 यूनिट ब्लड हुआ एकत्रित**

**राजगढ़।** जिला चिकित्सालय स्तिथ ब्लड बैंक में काफी समय से ब्लड की कमी बनी हुई है। इसी को देखते हुए विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तिगत रूप से लोगों द्वारा कैंप लगाकर इस कमी को दूर करने के प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में न्याय विभाग द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश राजीव कर्महे ने सबसे पहले आगे आते हुए रक्तदान किया। उनसे प्रेरणा लेकर अन्य न्यायाधीशों और कमचारियों ने भी ब्लड डोनेट किया। इस तरह शिविर में अलग-2 ग्रुपों का कुल 21 यूनिट ब्लड एकत्रित हो गया।

**इन्होंने किया रक्तदानः** इस शिविर में न्यायाधीश निवेदिता मुदगल, हरिओम प्रजापति, विक्रम गुजर, चंद्रप्रकाश पाटोदिया, नाजनीन अल्ताफ, खालिद मंसूरी, रामबाबू गुर्जर, मोतीलाल वर्मा, योगिराज, सचिन द्वेदी, सुमित शर्मा, ओमप्रकाश अहिरवार, वसीम खान, संजय साहू, अरुण सतालकर, गिराज, सुनील शर्मा, शुभम अग्रवाल, नरेंद्र, हरिओम पिपलोटिया सहित अन्य ने रक्तदान किया।